आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24
भारत के मन की बात
के लिए पत्रकारों की जरूरत है।
चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मो. 97814-00247
97804-00247
E-mail : info@vandebharat24.com

जालंधर, मंगलवार 17 फरवरी 2026
वंदे भारत 24
भारत के मन की बात



@vandebharat24 | vandebharat24 | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com

# फगवाड़ा यूनिवर्सिटी की छत से कूदा छात्र, मौत

## जालंधर में सुसाइड के पहले लगाया स्टेटस, मानसिक परेशान चल रहा था

» वंदे भारत न्यूज़ । जालंधर
16 फरवरी ( वर्मा )

फगवाड़ा यूनिवर्सिटी में एक छात्र ने छत से कूदकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान फिल्लौर के गांव सलेमखुर्द निवासी निखिल के रूप में हुई है। फगवाड़ा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल में रखवा दिया है। डीएसपी फगवाड़ा भारत सिंह ने बताया कि सोमवार दोपहर उन्हें सूचना मिली थी कि यूनिवर्सिटी में एक छात्र ने छत से कूदकर जान दे दी है। मौके पर पहुंची पुलिस को जांच में पता चला कि छात्र निखिल रोजाना की तरह सोमवार सुबह यूनिवर्सिटी आया था।



### कुछ दिनों से परेशान चल रहा था छात्र

जांच के दौरान यह भी सामने आया कि निखिल ने आत्महत्या करने से पहले अपने स्टेटस में सुसाइड के बारे में जिक्र किया था।

इसके बाद उसने यूनिवर्सिटी की छत से छलांग लगा दी। प्राथमिक जांच में पुलिस को पता चला है कि युवक पिछले कुछ दिनों से मानसिक परेशान चल रहा था। पुलिस ने बताया कि वे पारिवारिक सदस्यों के बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई करेंगे।



## जालंधर के गांधी वनिता आश्रम में फिर मातम

# सांस की तकलीफ से अनाथ बच्ची ने तोड़ा दम; 2 महीने में दूसरी मौत

» वंदे भारत न्यूज़ । जालंधर
16 फरवरी ( वर्मा )

जालंधर स्थित अनाथ बच्चों के गांधी वनिता आश्रम में एक नाबालिग लड़की की मौत का दुखद मामला सामने आया है। सांस लेने में अचानक हुई गंभीर तकलीफ के बाद उसे सोमवार सुबह आनन-फानन में सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। इस घटना ने आश्रम की व्यवस्थाओं पर एक बार फिर से सभी का ध्यान खींच लिया है, क्योंकि पिछले महज दो महीनों के भीतर इस अनाथालय में यह दूसरी मौत है।



### डीसी बोले- पहले से बीमार थी बच्ची, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का है इंतजार

इस पूरी घटना पर जालंधर के डिप्टी कमिश्नर डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि लड़की की मौत 16 फरवरी को सुबह 9 बजे से पहले हुई है। डीसी के मुताबिक, बच्ची को पहले से ही कुछ स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं थीं और आज उसे अचानक सांस लेने में भारी तकलीफ होने लगी। इसके बाद उसे तुरंत सिविल अस्पताल ले जाया गया था। प्रशासन की ओर से फिलहाल किसी तरह की साजिश या संदेह से इनकार किया गया है। डॉक्टरों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सटीक कारणों का आधिकारिक तौर पर खुलासा हो सकेगा। बताया जा रहा है कि मृतका को करीब एक साल पहले ही इस बाल गृह में लाया गया था।

### नवंबर में भी हुई थी एक मौत, शरीर पर मिले थे चोट के निशान

गांधी वनिता आश्रम में थोड़े-थोड़े अंतराल पर हो रही इन घटनाओं ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। ज्ञात हो कि इससे पहले 21 नवंबर 2025 को भी इसी आश्रम में एक 17 वर्षीय नाबालिग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। वह लड़की बाथरूम में बेहोश पड़ी मिली थी और अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था।

उस मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट के दौरान मृतका के शरीर पर कई जगह चोट के निशान भी पाए गए थे, जिसने आश्रम की सुरक्षा और देखभाल पर गहरे सवाल खड़े किए थे। अब इस दूसरी घटना के बाद एक बार फिर अनाथालय की कार्यप्रणाली चर्चा के केंद्र में आ गई है।

HAKIM TILAK RAJ KAPOOR HOSPITAL PVT. LTD.
NEAR FOOTBALL CHOWK, JALANDHAR | Call/Whatsapp No. +91-95015-02525

आयुर्वेदिक एवं यूनानी दवाइयों तथा पंचकर्मा द्वारा हर बीमारी के सफल इलाज के लिए मिलें।
Dr. Nuvneet Kapoor
B.A.M.S., M.D (H.T.R.K.)
Ph.: 0181-5092525
Website : www.hakimtilakraj.in

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247

वंदे भारत 24
भारत के मन की बात









# महाशिवरात्रि पर यंगस्टर क्लब रजि. द्वारा भव्य लंगर का आयोजन

## मुख्य अतिथि के रूप में डॉ आशीष कपूर (एमडी, एस टी अस्पताल) और डॉ नवनीत कपूर (एमडी, हाकिम तिलक राज कपूर अस्पताल) रहे उपस्थित।

» वंदे भारत न्यूज़ । जालंधर

16 फरवरी ( सन्नी सहगल )

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर यंगस्टर क्लब रजि. की ओर से श्रद्धालुओं के लिए भव्य लंगर का आयोजन किया गया। यह आयोजन क्लब के प्रधान अश्वनी गोंदी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया और भगवान शिव का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ आशीष कपूर (एमडी, एस टी अस्पताल) और डॉ नवनीत कपूर (एमडी, हाकिम तिलक राज कपूर अस्पताल) उपस्थित रहे। इसके अलावा पूर्व विधायक शीतल अंगुराल,



भाजपा नेता प्रदीप खुल्लर तथा पूर्व मेयर जगदीश राजा ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अतिथियों ने क्लब के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि



इस प्रकार के धार्मिक और सेवा कार्य समाज में भाईचारा, एकता और सेवा भावना को मजबूत करते हैं। आयोजन में स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर सेवा निभाई।

# दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की जालन्धर शाखा बिधिपुर आश्रम में महाशिवरात्रि का पावन महापर्व अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया






» वंदे भारत न्यूज़ । जालंधर

16 फरवरी ( सन्नी सहगल )

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की जालन्धर शाखा बिधिपुर आश्रम में महाशिवरात्रि का पावन महापर्व अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। जिससे वातावरण पूर्णत: शिवमय हो उठा। इस अवसर पर दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के संचालक गुरुदेव श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या साध्वी मेधावी भारती जी ने अपने प्रेरणादायी एवं ओजस्वी प्रवचनों से उपस्थित संगत को आध्यात्मिक ज्ञान से अनुप्राणित किया। उन्होंने कहा कि शिवरात्रि केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्म-जागृति का दिव्य पर्व है। भगवान शिव का स्वरूप हमें सादगी, समत्व, करुणा, तपस्या और त्याग का संदेश देता है। शिव जटाओं में गंगा धारण करते हैं, कंठ में विष को स्थान देते हैं और मस्तक



पर चंद्र धारण कर संतुलन का प्रतीक प्रस्तुत करते हैं-यह सब मानव जीवन के लिए गहन शिक्षाएँ हैं।

साध्वी जी ने समझाया कि सच्ची शिव-भक्ति बाहरी आडंबरों से नहीं, बल्कि अंतर्मन की पवित्रता और ध्यान की साधना से संभव है। जब मनुष्य अपने भीतर व्याप्त काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार जैसे विकारों का त्याग करता है, तभी वह शिवत्व के समीप पहुँचता है। उन्होंने बताया कि शिवरात्रि की रात्रि आत्मचिंतन, आत्मनिरीक्षण और आत्मपरिवर्तन का स्वर्णिम अवसर है। इस पावन रात्रि में यदि साधक सच्चे मार्गदर्शन में ध्यान साधना करे, तो वह अपने भीतर स्थित दिव्य प्रकाश का अनुभव कर सकता है।

प्रवचन के दौरान साध्वी जी ने युवाओं को विशेष रूप से संबोधित करते हुए नशामुक्त, चरित्रवान और नैतिक जीवन जीने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि आज के समय में समाज को आध्यात्मिक जागृति और नैतिक मूल्यों की अत्यंत आवश्यकता है। शिव का आदर्श जीवन हमें यह सिखाता है कि विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य, संयम और सकारात्मकता बनाए रखनी चाहिए।

कार्यक्रम में भजन-कीर्तन की मधुर प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिमय बना



दिया। बम बम भोले और शिव स्तुति के जयघोष से पूरा आश्रम परिसर गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालु भाव-विभोर होकर प्रभु शिव की आराधना



में लीन हो गए। आरती और सामूहिक प्रार्थना की गई। जिसमें समाज की सुख-समृद्धि, शांति और सद्भावना के लिए मंगलकामना की गई।





## शादी का झांसा देकर नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला दर्ज, पुलिस तलाश में जुटी

**जालंधर ( वर्मा ) :** थाना बस्ती बाबा खेल की पुलिस ने कृष्णा नगर क्षेत्र में रहने वाली एक 15 वर्षीय नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में अज्ञात युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में कृष्णा नगर निवासी एक महिला ने बताया कि उसकी 15 वर्षीय बेटी कुछ दिन पहले घर से काम के लिए निकली थी, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने उसे आसपास और रिश्तेदारों के यहां खोजा, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। जांच के दौरान परिजनों को जानकारी मिली कि एक युवक ने शादी का झांसा देकर उनकी बेटी को अपने साथ ले गया है। मामले की जांच एएसआई नीलाराम को सौंपी गई। प्रारंभिक जांच के बाद महिला के बयानों के आधार पर अज्ञात युवक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 137(2) और 87 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि नाबालिग की बरामदगी और आरोपित की गिरफ्तारी के लिए विभिन्न संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेजी से आगे बढ़ाई जा रही है।

# शाहकोट में दर्दनाक सड़क हादसा : दीवार से टकराई बाइक, एक युवक की मौत, तीन गंभीर घायल

» वंदे भारत न्यूज़ । जालंधर

16 फरवरी ( वर्मा )



जालंधर-मोगा नेशनल हाईवे पर स्थित शाहकोट क्षेत्र में रविवार देर रात एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। रेलवे क्रॉसिंग के पास सर्विस रोड पर मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दीवार से जा टकराई, जिससे एक युवक की जान चली गई, जबकि उसके तीन साथी गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अजय पुत्र बख्शी, खुशप्रीत सिंह पुत्र कुलदीप सिंह, कुलदीप सिंह पुत्र फकीर सिंह और अंश पुत्र सुच्चा (सभी निवासी शिव कॉलोनी, मोहल्ला मेहताबगढ़, कपूरथला) मलसियां-नकोदर रोड स्थित एक पैलेस में वेटर का काम कर रहे थे। रात करीब 9:30 बजे चारों युवक मोटरसाइकिल पर कपूरथला लौट रहे थे।

बताया जा रहा है कि मोटरसाइकिल अजय चला रहा था। रास्ते में अंधेरा होने और दिशा को लेकर भ्रम की स्थिति के कारण वे शाहकोट की ओर निकल गए। जानकारी मिलने पर उन्होंने बाइक वापस मोड़ी और रेलवे क्रॉसिंग फ्लाईओवर से नीचे सर्विस रोड पर उतर गए। इसी दौरान तेज रफ्तार के कारण बाइक संतुलन खो बैठी और रेलवे क्रॉसिंग के पास बनी दीवार से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि चारों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के बाद एक युवक ने हिम्मत जुटाकर अपने परिचितों को सूचना दी, जो थोड़ी दूरी पर मौजूद थे। सूचना मिलते ही रोड सेफ्टी फोर्स मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की व्यवस्था की।

कुलदीप सिंह और अंश को सिविल अस्पताल नकोदर भेजा गया, जबकि अजय और खुशप्रीत सिंह को सरकारी अस्पताल शाहकोट ले जाया गया। वहां ड्यूटी पर तैनात डॉ. राजवी ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जालंधर रेफर कर दिया।

इस बीच नकोदर अस्पताल से सूचना मिली कि गंभीर रूप से घायल अंश ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। अन्य घायलों का इलाज जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और हादसे के कारणों की पड़ताल की जा रही है।

## सप्लाई देने पहुंचे दो नशा तस्कर गिरफ्तार, 50 ग्राम हेरोइन बरामद

» वंदे भारत न्यूज़ । जालंधर

16 फरवरी ( वर्मा )

स्पेशल सेल की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो कथित नशा तस्करों को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी थाना डिवीजन नंबर 8 क्षेत्र में ग्राहक को सप्लाई देने की तैयारी में खड़े थे। जानकारी के अनुसार स्पेशल सेल के एएसआई गुरविंदर सिंह पुलिस पार्टी के साथ सोडल इलाके में गश्त पर थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि दो युवक मछली मार्केट के पास हेरोइन की डिलीवरी के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर दबिश दी। पुलिस को देखते ही दोनों युवक वहां से हटने का प्रयास करने लगे, लेकिन शक के आधार पर उन्हें रोक लिया गया। पूछताछ में उन्होंने अपनी पहचान विनोद कुमार निवासी अमन नगर और पंकज कुमार उर्फ गिन्नी निवासी ग्लोब कॉलोनी के रूप में बताई। तलाशी लेने पर उनकी जेब से करीब 50 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

बरामदगी के बाद दोनों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। उनके खिलाफ थाना डिवीजन नंबर 8 में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ के लिए रिमांड लेने की प्रक्रिया में है, ताकि नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों का भी पता लगाया जा सके।

## लोहिया खास में शादी बनी क्रिकेट उत्सव : रिसेप्शन में बड़ी स्क्रीन पर देखा गया भारत-पाक मुकाबला

» वंदे भारत न्यूज़ । जालंधर

16 फरवरी ( वर्मा )



लोहिया खास में एक शादी समारोह उस समय खास बन गया जब दूल्हा-दुल्हन ने अपने रिसेप्शन को क्रिकेट के रंग में रंग दिया। भारत-पाकिस्तान मुकाबले के जोश के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में मेहमानों ने दावत के साथ मैच का भी भरपूर आनंद लिया। रात को आयोजित रिसेप्शन पार्टी में दूल्हे जशनदीप सिंह (पुत्र सरबजीत सिंह, पूर्व सरपंच) और दुल्हन सिमरणजीत कौर (पुत्री निर्मल सिंह) ने पैलेस परिसर में बड़ी एलईडी स्क्रीन लगवाई। जैसे ही मैच शुरू हुआ, हॉल का माहौल स्टेडियम जैसा बन गया-तालियां, हूटिंग और हर चौके-छक्के पर जश्न।

मेहमानों के लिए यह अनोखा अनुभव रहा। एक ओर नवविवाहित जोड़ा स्टेज पर बधाइयां स्वीकार कर रहा था, तो दूसरी ओर बड़ी स्क्रीन पर मुकाबले की हर गेंद पर सबकी नजरें टिकी थीं। मैच में भारत की 61 रन की जीत के साथ समारोह का उत्साह दोगुना हो गया। मेहमानों ने दूल्हा-दुल्हन को शादी की बधाई देने के साथ-साथ टीम इंडिया की जीत की शुभकामनाएं भी दीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि भारत-पाक मैच का जुनून अक्सर खास मौकों को भी यादगार बना देता है। लोहिया खास की यह शादी भी इसी दीवानगी की एक मिसाल बन गई, जहां जीवन की नई पारी और क्रिकेट का रोमांच साथ-साथ चलता नजर आया।

## वायरल वीडियो मामले में बढ़ी सख्ती : विशेष जरूरतों वाले युवक प्रकरण पर एससी आयोग ने लिया संज्ञान, डीएसपी को किया तलब

» वंदे भारत न्यूज़ । जालंधर

16 फरवरी ( वर्मा )

फिल्लौर में एक विशेष जरूरतों वाले (मंदबुद्धि) युवक के साथ कथित अमानवीय कृत्य का वीडियो सामने आने के बाद मामला तूल पकड़ गया है। पुलिस ने पहले ही केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी, वहीं अब पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग ने भी स्वत: संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं।

आयोग के चेयरमैन जसवीर गढ़ी ने मामले को गंभीर मानते हुए 'पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग अधिनियम-2004' की धारा 10(2)(ढ) के तहत सूटो-मोटो नोटिस जारी किया है।

आयोग ने संबंधित सब-डिवीजन के डीएसपी को 19 फरवरी 2026 को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर मामले की विस्तृत रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं।

रिपोर्ट दो प्रतियों (एक मूल व एक प्रति) में आयोग कार्यालय में प्रस्तुत करनी होगी। नोटिस में मीडिया में प्रकाशित खबर और वायरल वीडियो का उल्लेख करते हुए पूरी तथ्यात्मक जानकारी और अब तक की कानूनी कार्रवाई का ब्योरा मांगा गया है। डीएसपी फिल्लौर भरत मसीह ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो प्रसारित होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर लिया है। उन्होंने कहा कि वीडियो में युवक के साथ गलत व्यवहार किए जाने के आरोप हैं। प्रारंभिक जांच के तहत जर्मन शेफर्ड नस्ल के कुत्ते के मालिक हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी को राउंडअप कर पूछताछ की जा रही है। यदि जांच में अन्य लोगों की संलिप्तता सामने आती है तो उनके खिलाफ भी सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

सूत्रों के अनुसार युवक अनुसूचित जाति समुदाय से संबंध रखता है और विशेष जरूरतों वाला है। आरोप है कि उसे बहला-फुसलाकर आपत्तिजनक स्थिति में लाया गया। वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय स्तर पर रोष व्यक्त किया गया और मामले की शिकायत आयोग तक पहुंचाई गई।

पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जांच निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से की जाएगी।

वहीं आयोग की सुनवाई के बाद आगे की कार्रवाई और दिशा स्पष्ट होने की उम्मीद है।






## जालंधर के जेपी नगर में बुजुर्ग महिला को बनाया निशाना, हथियार दिखाकर लूटीं सोने की चूड़ियां

» वंदे भारत न्यूज़ । जालंधर

16 फरवरी ( वर्मा )



शहर के जेपी नगर इलाके में सोमवार सुबह एक बुजुर्ग महिला से लूट की वारदात सामने आई है। अग्रवाल होटल के पास स्थित एक मकान में अकेली रह रही 87 वर्षीय महिला को बदमाशों ने धमकाकर दो सोने की चूड़ियां छीन लीं और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार सुबह लगभग 8:15 बजे दो युवक घर के बाहर पहुंचे। एक आरोपी अंदर दाखिल हुआ, जबकि दूसरा बाहर खड़ा होकर निगरानी करता रहा। घर में मौजूद जनक कंवर उस समय अकेली थीं। उनके बच्चे विदेश में रहते हैं और उनकी देखभाल के लिए केयरटेकर रखे गए हैं, लेकिन घटना के समय कोई भी कर्मचारी वहां मौजूद नहीं था।

थाना प्रभारी जय इंदर सिंह ने बताया कि पुलिस को घटना की सूचना करीब 10:30 बजे दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शुरुआती पड़ताल में सामने आया कि आरोपी ने खुद को लोई में ढका हुआ था और हाथ में तेजधार हथियार लेकर महिला को डराया। उसने जबरन महिला से गहने उतरवाए और दो सोने की चूड़ियां लेकर फरार हो गया। अन्य आभूषण वह नहीं ले जा सका।

घटना के दौरान आरोपी अपनी लोई और हथियार मौके पर ही छोड़ गया, जिन्हें पुलिस ने कब्जे में लेकर जांच के लिए भेज दिया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि संदिग्धों की पहचान की जा सके।

मकान की छत पर रहने वाले किरायेदारों और केयरटेकरों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि सभी बिंदुओं की जांच के बाद मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश तेज की जाएगी।

स्थानीय निवासियों ने दिनदहाड़े हुई इस घटना को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर वारदात का खुलासा किया

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247








# महाशिवरात्रि पर शूर मार्किट में भव्य लंगर का आयोजन

» वंदे भारत न्यूज़ । जालंधर

16 फरवरी ( सन्नी सहगल )

काला सिंघा रोड स्थित शूर मार्किट में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भव्य लंगर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विनोद शूर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और भगवान शिव का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद पवन कुमार और पूर्व डिप्टी मेयर सुरिंदर कौर उपस्थित रहे। इसके अलावा पूर्व पार्षद पति संदीप वर्मा, हर्ष सोंधी, रवि सोंधी, संजीव सोंधी, कारन खेड़ा, साहिल भंडारी, रोहित धंजल, विक्की मेहरा, गगन शर्मा, रगुलशन बजाज, सुभाष कपूर, रोहित सोंधी, राज कुमार सोंधी, मनवीर सभरवाल, विकास भल्ला, सन्नी नखवाल, लकी अरोड़ा, टिंकू अरोड़ा, अमन, कारण अरोड़ा, रुद्र, दैविक, आरव, प्रियांश, अनमोल, अश्वनी कपूर, साहिल वर्मा, राज कुमार शर्मा, दीपक वर्मा और प्रतीक सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम समाज में भाईचारा और सेवा भावना को मजबूत करते हैं। आयोजन में युवाओं ने बढ़-चढ़कर सेवा निभाई।



# पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए BJP ने फूंका बिगुल : मार्च में यहां होगी प्रदेश स्तरीय रैली, तय हुई नेताओं की जिम्मेदारी


» वंदे भारत न्यूज़ । तरनतारन

16 फरवरी ( ब्यूरो )

भाजपा ने 2027 पंजाब विधानसभा चुनाव को अपने बलबूते पर लड़ने का एलान किया है। इसी के तहत पंजाब की राजनीति में सियासी तौर पर पैर पसार रही भाजपा मार्च के प्रथम सप्ताह मोगा में प्रदेश स्तरीय रैली करने जा रही है।

इस रैली को लेकर कुल 117 विधानसभा हलकों के लिए प्रभारियों की सूची जारी हो चुकी है। इसमें तरनतारन, पट्टी, खेमकरण व खडूर साहिब की जिम्मेदारी तय कर दी गई है। कुल मिलाकर भाजपा की जिला लीडरशिप मोगा रैली के लिए तैयारी में जुट चुकी है। रैली की तिथि तय होते ही पार्टी के कार्यकर्ताओं का उत्साह और बढ़ने की संभावना है।

राज्य के सियासी इतिहास पर केंद्र करें तो शिरोमणि अकाली दल (शिअद) की ओर से मोगा में रैली करके हर बार विधानसभा चुनाव का सियासी बिगुल फूंका जाता है। ठीक इसी नक्शे कदम पर चलते हुए सत्ता पर काबिज आम आदमी पार्टी (आप) सोमवार को मोगा में रैली कर चुकी है। इसमें पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल के अलावा मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने शिरकत करके युद्ध नशे विरुद्ध लिए हुंकार भरी।



अब भाजपा ने फैसला लिया है कि मोगा की धरती से राज्य स्तरीय रैली करके मिशन 2027 लिए सियासी तौर पर बिगुल बजाया जाए। मोगा रैली के लिए जिले के चारों विस हलकों से संबंधित नेताओं की ड्यूटी लगा दी गई है। इन नेताओं को हलका प्रभारी बनाते हुए मोगा रैली की सफलता के लिए टारगेट दिया गया है।

**हरजीत संधू का बढ़ा सियासी कद**

विधानसभा हलका तरनतारन के प्रभारी की जिम्मेदारी पार्टी के जिला अध्यक्ष हरजीत सिंह संधू को सौंपी गई है। लंबे समय से पार्टी में मजबूत बनाने में लगे हरजीत सिंह संधू के नेतृत्व में मार्च 2025 में नगर कौंसिल के चुनाव में पार्टी ने शानदार प्रदर्शन किया था।

इतना ही नहीं नवंबर महीने में विधानसभा हलका तरनतारन के उपचुनाव में भी हरजीत सिंह संधू खुद चुनावी रण में उतरे थे। कुल मिलाकर इस हलके से भाजपा का वोट बैंक लगातार बढ़ता नजर आ रहा है। संधू की जिम्मेदारी से उनकी टीम और मजबूत होगी।







# पंजाब के किसानों की नई टेंशन! तापमान में बढ़ोतरी से गेहूं की फसल पर संकट, उत्पादन पर असर पड़ने की आशंका

» वंदे भारत न्यूज़ । काहनूवान

16 फरवरी ( ब्यूरो )

पंजाब के गुरुदासपुर में बढ़ते तापमान से गेहूं की फसल के उत्पादन पर बुरा असर पड़ने की आशंका है। कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को सलाह दी है कि वे थोड़े-थोड़े अंतराल पर हल्की सिंचाई करें, ताकि दाने कमजोर न पड़ें।

इसके साथ ही, पीली कुंगी और तेले के हमले से बचाव के लिए खेतों की जांच करते रहें और 13-0-45 का स्प्रे करें। किसानों को आर्थिक नुकसान की चिंता है। इस समय जिले के खेतों में गेहूं की हरी-भरी फसल लहरा रही है। खेतों में लहराती फसल में बालियां निकलने के बाद दूध तैयार होगा और दूध के बाद दाने बनने लगेंगे। ऐसे में दिन में बढ़ता तापमान बालियों में दूध और दानों पर असर डाल सकता है। कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को सलाह दी है कि जब गेहूं की बालियां निकलें तो थोड़े-थोड़े अंतराल पर हल्की सिंचाई करते रहें,



ताकि जमीन में नई ग्रोथ बनी रहे। सूखे हालात में गेहूं का तना कमजोर हो जाता है और फसल जमीन पर लेट जाती है। कृषि वैज्ञानिकों के मुताबिक, धूप कई दूसरे पोषक तत्व सोख लेती है, जिससे उत्पादन पर असर पड़ना स्वाभाविक है। इससे गेहूं की पैदावार में निश्चित रूप से गिरावट आएगी।

कृषि वैज्ञानिक डॉ. एचएस धालीवाल ने बताया कि इस समय गेहूं में दूध बन चुका है और कुछ ही दिनों में दूध से दाने तैयार हो जाएंगे। ऐसे समय में किसानों को समय-समय पर अपने खेतों की जांच करते रहना चाहिए, क्योंकि दिन का तापमान बढ़ने के साथ ही फसल पर पीली कुंगी और तेले का हमला हो सकता है। ऐसे समय में तेले और पीली कुंगी खत्म करने के लिए खेती के जानकारों की सलाह से ही स्प्रे करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि अगर हो सके तो इस समय 13-0-45 का स्प्रे करना चाहिए, क्योंकि इसमें नाइट्रोजन और पोटैशियम होता है, जो दानों को चमकदार और मजबूत बनाता है।

बंजर और रेतीले इलाकों में किसानों को इस समय मिट्टी में नमी का ज्यादा ध्यान रखने की जरूरत है। इसलिए रेतीले इलाकों में किसानों को सलाह दी जाती है कि वे मौसम के हिसाब से समय-समय पर अपने खेतों में सिंचाई करते रहें, क्योंकि यह ऐसा समय होता है जब गेहूं दूध देने की स्टेज में होता है। सूखी मिट्टी होने पर दूध सूख सकता है और दाने कमजोर हो सकते हैं।

वहीं किसान वीर सिंह, जागीर सिंह, जरनैल सिंह और जसबीर सिंह फेरोचेची ने चिंता जताई है कि तापमान लगातार बढ़ रहा है, जिसके चलते इस बार फसल के उत्पादन कम हो सकता है। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ सकता है।

किसान लगातार मौसम पर नजर रख रहे हैं, लेकिन प्रकृति के आगे किसी का जोर नहीं चलता।

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247



S.T COLLEGE OF NURSING
& MEDICAL SCIENCES
Recognized by INC, New Delhi, Affiliated by BFUHS, Faridkot & PNRC, Mohali Approved by Govt. of Punjab.
COURSES OFFERED
ANM 2 Years Diploma
GNM 3 Years Diploma
B.Sc (Nursing) 4 Years Degree
D-Pharmacy (Ay.) 2 Years & 3 Months Diploma
10+1 & 10+2 (P.S.E.B)
V.P.O. Mehlanwali, Una Road, Hoshiarpur Pb.
Contact : +91-62841-11519, +91-99145-82525
www.stnursinginstitute.in

# जिंदा पिंड में दिनदहाड़े लूट: बंदूक की नोक पर मोबाइल छीना, विरोध में सड़क जाम



**» वंदे भारत न्यूज़ । जालंधर**

**16 फरवरी ( वर्मा )**

जिले में बढ़ती आपराधिक घटनाओं ने आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है। लगातार हो रही लूटपाट की वारदातों के बीच जिंदा पिंड क्षेत्र से एक और सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक व्यक्ति को हथियार के बल पर लूट लिया गया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया और लोगों ने प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित व्यक्ति जिंदा पिंड रोड से गुजर रहा था, तभी अचानक एक आरोपी ने उसे रोक लिया। बताया जा रहा है कि आरोपी ने बंदूक तानकर उसका मोबाइल फोन छीन लिया। विरोध करने पर आरोपी ने पीड़ित के साथ मारपीट भी की, जिससे वह घायल हो गया। आसपास के लोगों ने किसी तरह उसे बचाया और प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया।

घटना की खबर फैलते ही स्थानीय लोगों में भारी रोष देखने को मिला। क्षेत्रवासियों का कहना है कि इलाके में आए दिन लूटपाट और छीना-झपटी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, लेकिन पुलिस द्वारा ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे। इसी नाराजगी के चलते लोगों ने जिंदा पिंड रोड पर जाम लगा दिया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए और क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाई जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। पुलिस अधिकारियों ने





प्रदर्शन कर रहे लोगों से बातचीत की और उन्हें भरोसा दिलाया कि मामले की गंभीरता से जांच की जाएगी। अधिकारियों ने यह भी कहा कि आरोपियों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और जल्द ही दोषियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

पुलिस के आश्वासन के बाद लोगों का गुस्सा कुछ हद तक शांत हुआ और धीरे-धीरे जाम खुलवाया गया। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है और गश्त बढ़ा दी गई है। स्थानीय निवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे दोबारा सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। वहीं प्रशासन ने भी लोगों से सहयोग की अपील करते हुए भरोसा दिलाया है कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे।

# विधानसभा में फांसी घर' मामला, केजरीवाल समेत 4 नेताओं को अल्टिमेटम, विशेषाधिकार समिति ने पेश होने के लिए दिया आखिरी मौका

**» वंदे भारत न्यूज़ । नई दिल्ली**

**16 फरवरी ( ब्यूरो )**

दिल्ली विधानसभा की विशेषाधिकार समिति ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल और राखी बिरला को 'फांसी घर' मामले में व्यक्तिगत रूप से पेश होने और अपना पक्ष रखने के लिए आखिरी मौका देने का फैसला लिया है. समिति ने इस अंतिम उपस्थिति के लिए 6 मार्च 2026 की तारीख तय की है. यह फैसला सोमवार को हुई विशेषाधिकार समिति की बैठक में लिया गया, जिसमें चारों लोगों द्वारा पेश लिखित जवाब पर विचार किया गया. इन उत्तरों में चारों लोगों अपना पक्ष के लिए कुछ दिनों की मोहलत मांगी है. जिसके बाद समिति ने इन लोगों को आखिरी मौका दिया है.




**नेताओं ने मांगा था समय :** विशेषाधिकार समिति के अध्यक्ष प्रद्युम्न सिंह राजपूत ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने लिखित जवाब में 2, 3, 4, 5 या 6 मार्च में से किसी भी दिन पेश होने का समय मांगा है. इसी तरह, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, पूर्व दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल और पूर्व उपाध्यक्ष राखी बिरला ने भी कुछ दिनों का समय मांगा है. उन्होंने कहा कि समिति ने इन अनुरोधों को स्वीकार करते हुए यह सुनिश्चित करने के लिए अंतिम तिथि 6 मार्च तय की है जिससे जांच प्रक्रिया में और देरी न हो.

**विजेंद्र गुप्ता ने उठाया था मामला**

दरअसल यह मामला मूल रूप से दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता द्वारा उठाया गया था. यह 9 अगस्त 2022 को दिल्ली विधानसभा परिसर के भीतर उद्घाटन किए गए 'फांसी घर' की प्रमाणिकता से संबंधित है.

**समिति के समक्ष उपस्थित नहीं हुए AAP नेता :** विशेषाधिकार समिति को उद्घाटन से जुड़ी परिस्थितियों का तथ्यात्मक और प्रक्रियात्मक मूल्यांकन करने और मामले की जांच करने का निर्देश दिया गया था. इन सभी को विशेषाधिकार समिति के समक्ष अपना पक्ष रखने के लिए कई मौके दिए गए थे लेकिन वे पिछले दिए गए सभी अवसरों पर समिति के समक्ष उपस्थित नहीं हुए.

समिति में अध्यक्ष प्रद्युम्न सिंह राजपूत के साथ सूर्य प्रकाश खत्री, अभय कुमार वर्मा, अजय कुमार महावर, सतीश उपाध्याय, नीरज बसोया, रवि कांत, राम सिंह नेताजी और सुरेंद्र कुमार शामिल हैं. समिति ने पारदर्शिता, जवाबदेही और संस्थागत अखंडता सुनिश्चित करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है. समिति ने इस बात पर जोर दिया कि निष्पक्ष और व्यापक जांच को पूरा करने के लिए संबंधित सभी व्यक्तियों का सहयोग देना अनिवार्य है.

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247



# आखिर क्यों लगता है सूर्य को ग्रहण? जानें इसकी पौराणिक कहानी

फाल्गुन अमावस्या पर यानी कल साल 2026 का पहला सूर्य ग्रहण लगने जा रहा है. ये सूर्य ग्रहण शनि देव की राशि कुंभ और धनिष्ठा नक्षत्र में लगने वाला है. ये वलयाकार सूर्य ग्रहण होगा, जिसे विज्ञान की भाषा में रिंग ऑफ फायर कहा जाता है. इस सूर्य ग्रहण पर चंद्रमा सूर्य को पूरी तरह से ढक नहीं पाएगा. सूर्य का बाहरी किनारा अग्नि के चमकते छल्ले जैसा दिखेगा.

भारतीय समय के अनुसार, सूर्य को ग्रहण कल दोपहर 03 बजकर 26 मिनट पर लगेगा और शाम 7 बजकर 57 मिनट पर खत्म होगा. ये सूर्य ग्रहण कुल 04 घंटे 32 मिनट तक रहेगा. ये ग्रहण भारत में नजर नहीं आएगा और न ही इसका सूतक काल माना जाएगा. सूर्य ग्रहण सिर्फ एक खगोलीय घटना नहीं है, बल्कि इसे हिंदू धर्म में भी बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है. सूर्य ग्रहण की एक धार्मिक कहानी है. आइए जानते हैं सूर्य ग्रहण की कहानी.



पौराणिक मान्यताओं के अनुसार...

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, सूर्य ग्रहण का मुख्य संबंध राहु से माना जाता है. सूर्य ग्रहण की कथा समुद्र मंथन से जुड़ी हुई है. इस कथा के अनुसार, समुद्र मंथन से अमृत निकलने के बाद जब देवताओं और असुरों में इसे पीने को लेकर विवाद हुआ तो भगवान विष्णु मोहिनी रूप में आए और उन्होंने अमृत वितरण का काम किया, लेकिन उन्होंने एक चाल चली और असुरों को धोखा देने लगे.

इसी बीच असुरों के बीच में एक असुर जिसका नाम स्वरभानु था, उसे पता चल गया कि असुरों के साथ धोखा किया जा रहा है. फिर उसने देवताओं का वेश धारण कर उनके बीच में बैठकर अमृत का पान कर लिया. सूर्य और चंद्रमा ने उसकी पहचान कर ली और भगवान विष्णु को इसकी जानकारी दे दी. उसी क्षण भगवान विष्णु ने सुदर्शन चक्र से उस असुर का सिर काट दिया.

### स्वरभानु का सिर वाला भाग बना राहु

स्वरभानु ने अमृत पी लिया था, इसलिए वो मरा नहीं. उसका सिर वाला भाग राहु कहलाया और धड़ वाला हिस्सा केतु बना. मान्यता है कि राहु समय-समय पर सूर्य को निगलने का प्रयास करता है, इसलिए सूर्य को ग्रहण लगता है, लेकिन राहु का केवल सिर है. इसलिए सूर्य कुछ समय बाद बाहर आ जाता है और ग्रहण समाप्त हो जाता है.

## क्यों सिर्फ दाहिने हाथ से ही दिया जाता है आशीर्वाद? जानें ज्योतिषीय और वैज्ञानिक कारण

हम लोग हमेशा ही मांगलिक कामों या पूजा-पाठ के बाद अपने से बड़े का आशीर्वाद लेते हैं. भारतीय संस्कृति में ये परंपरा बहुत महत्वपूर्ण और शुभ मानी जाती है. आशीर्वाद देते समय हमारे बड़े हमेशा दाहिने हाथ का उपयोग करते हैं. किसी को दान भी दिया जाता है, तो भी दाहिने हाथ से ही दिया जाता है, लेकिन क्या आपको पता है कि बाएं हाथ की बजाय दाहिने हाथ को ही इतनी प्रधानता क्यों दी गई है?



*आइए जानते हैं कि किसी को आशीर्वाद देने के लिए हमेशा आखिर दाहिने हाथ का उपयोग क्यों किया जाता है? इससे जुड़े ज्योतिषीय और वैज्ञानिक कारण क्या हैं?*

### शुभता से है विशेष संबंध

ज्योतिष शास्त्र में बताया गया है कि व्यक्ति के दाहिने भाग को सूर्य ग्रह प्रभावित करता है. यही नहीं दाहिने भाग पर सिंह राशि का असर भी दिखता है. ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, सूर्य को उर्जा, प्रकाश, आत्मा ओर जीवन शक्ति का कारक माना जाता है. दाहिने हाथ से आशीर्वाद देता व्यक्ति अपनी सौर उर्जा और शुभता सामने वाले व्यक्ति को स्थानांतरित कर रहा होता है. ये प्रक्रिया सौर मंडल की सकारात्मकता से जुड़ी होती है.

धार्मिक मान्यता है कि इंसान के शरीर के दो भाग अलग-अलग उर्जाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं. शरीर का दाहिना भाग सक्रिय, शक्तिशाली और सकारात्मक उर्जा का केंद्र है. वहीं शरीर का बायां हिस्सा शांत और सौम्य होता है. आशीर्वाद देने के लिए जब दाहिना हाथ किसी के सिर पर रखा जाता है, तो भीतर की संचित तरंगें आशीर्वाद लेने वाले के शरीर में जाती हैं, जिससे उस पर शुभ प्रभाव पड़ता है.

### योग विज्ञान और अध्यात्म के अनुसार...

योग विज्ञान और अध्यात्म के अनुसार, इंसान के दाहिने हाथ का जुड़ाव पिंगला नाड़ी से होता है. यह नाड़ी अधिक सक्रिय और प्राणशक्ति से भरी होती है. बाएं भाग की तुलना में दाहिना ज्यादा सक्रिय और पावन होता है. यही कारण है कि किसी भी संकल्प या आशीर्वाद के लिए दाहिने हाथ का प्रयोग किया जाता है.

## कुंडली में है पितृ दोष... तो फाल्गुन अमावस्या पर जरूर करें ये उपाय



सनातन धर्म में अमवस्या की तिथि पितरों को समर्पित की गई है. अमावस्या पितरों का आभार जताने के लिए एक खास दिन होता है. इसमें भी फाल्गुन माह की अमावस्या का विशेष महत्व माना जाता है. हिंदू पंचांग के अनुसार, कल यानी 17 फरवरी को फाल्गुन अमावस्या मनाई जाने वाली है. धार्मिक मान्यता है कि अमावस्या का दिन तंत्र साधना, पितृ दोष निवारण और शनि बाधा से छुटकारा पाने के लिए बहुत प्रभावी माना जाता है.

इसके अलावा अमावस्या के दिन पवित्र नदियों में स्नान के बाद दान किया जाता है. पौराणिक मान्यता है कि अमावस्या के दिन दान करने से कभी न समाप्त होने वाला पुण्य प्राप्त होता है. इस दिन पितृ दोष से निवारण के लिए कुछ विशेष उपाय भी किए जाते हैं. आइए जानते हैं फाल्गुन अमावस्या के दिन पितृ दोष से निवारण के लिए किए जाने वाले उपायों के बारे में.

### फाल्गुन अमावस्या पर पितृ दोष के उपाय



- अमावस्या के दिन पीपल के वृक्ष की जड़ में जल चढ़ाएं. फिर पांच प्रकार की मिठाइयां अर्पित करें. फिर भगवान विष्णु का स्मरण करें और जनेऊ अर्पित करें. फिर घी का दीपक जलाकर पांच से सात बार परिक्रमा लगाएं.
- शास्त्रों के अनुसार, दक्षिण दिशा पितरों की मानी जाती है. इस दिन गोबर के उपलों को जलाकर उसकी धुनि पर केसर से बनी खीर की आहुति दें. पूर्वजों का ध्यान करते हुए अपनी गलतियों की क्षमा मांगें. साथ ही पवित्र नदी में स्नान करके पितरों का तर्पण करें. श्राद्ध कर्म करें. माना जाता है कि ऐसा करने से पितृ प्रसन्न होते हैं.
- इस दिन एक कच्चा सूत लेकर उसको अपनी लंबाई के बराबर नाप लें. इसके बाद उस सूत को पीपल के पेड़ से लपेट दें. मान्यता है कि ऐसा करने से शनि की पीड़ा से मुक्ति मिलती है, जिसके बाद नौकरी और कारोबार में उन्नति होनी शुरू हो जाती है.



वंदे भारत 24
भारत के मन की बात



# इटली को हराने के लिए इंग्लैंड को करनी पड़ी भारी मेहनत

# जीतकर सुपर-8 में पक्की की जगह

टी20 विश्व कप 2026 में इटली की टीम ने इंग्लैंड को कड़ी टक्कर दी लेकिन मुकाबला नहीं जीत पाई। कोलकाता के ईडेन गार्डन्स पर खेले गए टूर्नामेंट के 29वें मैच में इंग्लैंड ने इटली को 24 रनों से हराया। ग्रुप सी के इस मैच में पहले खेलते हुए इंग्लैंड ने 7 विकेट पर 202 रन बनाए। जवाब में इटली की शुरुआत खराब रही लेकिन इसके बाद भी टीम 178 रनों तक पहुंच गई। इस जीत के साथ ही इंग्लैंड की टीम ने सुपर-8 में जगह पक्की कर ली है। नेपाल के खिलाफ भी टीम जैसे-तैसे सिर्फ एक रन से जीत पाई थी जबकि वेस्टइंडीज ने उसे हरा दिया था। वेस्टइंडीज की टीम इस ग्रुप से पहले ही सुपर-8 में जा चुकी है। नेपाल के साथ ही इटली और स्कॉटलैंड का टूर्नामेंट में सफर समाप्त हो गया।





**विल जैक्स ने विस्फोटक पारी खेली**

टॉस जीतकर पहले खेलने उतरी इंग्लैंड के लिए जोस बटलर ने फिल सॉल्ट के साथ 2.1 ओवरों में 21 रन की साझेदारी की। बटलर महज 3 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जिसके बाद सॉल्ट ने जैकब बेथेल के साथ दूसरे विकेट के लिए 33 रन टीम के खाते में जोड़े। सॉल्ट 15 गेंदों में 2 छक्कों और 2 चौकों के साथ 28 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जबकि बैथेल ने 23 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। यह टीम 105 के स्कोर तक अपने 5 विकेट खो चुकी थी, जहां से विल जैक्स ने सैम करन के साथ 25 गेंदों में 54 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 159 के स्कोर तक पहुंचा दिया।

आखिरी 5 ओवर में 78 रन बने करन 19 गेंदों में 2 छक्कों के साथ 25 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद जैक्स ने जेमी ओवरटन के साथ सातवें विकेट के लिए 35 रन जुटाए। जैक्स 22 गेंदों में 4 छक्कों और 3 चौकों के साथ 53 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि ओवरटन ने 15 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। आखिरी 5 ओवर में इंग्लैंड की टीम ने 78 रन ठोक दिए। इटली की तरफ से ग्रांट स्टीवर्ट और क्रिशन कलुगामागे ने 2-2 विकेट हासिल किए, जबकि जेजे स्मट्स, अली हसन और बेन मैनेंटी ने 1-1 विकेट अपने नाम किया।

**22 रन पर ही इटली के तीन विकेट गिरे**

इंग्लैंड के लिए जोफ्रा आर्चर ने पहले ओवर में ही दो विकेट ले लिए। विस्फोटक बल्लेबाज एंथोनी मोस्का गोल्डन डक हो गए। इसके बाद जेजे स्मट्स भी खाता खोले बिना आउट हो गए। कप्तान हैरी मैनेंटी ने एक छक्का और एक चौका मारा लेकिन जेमी ओवर्टन ने उन्हें भी आउट कर दिया।

4 ओवर के बाद टीम का स्कोर 22 रन पर तीन विकेट था। यहां से जस्टिन मोस्का और बेन मैनेंटी के बीच 48 गेंद पर 92 रनों की साझेदारी हुई। बेन विस्फोटक बैटिंग कर रहे थे। उन्होंने 25 गेंद पर 4 चौके और 6 छक्कों की मदद से 60 रन बनाए।

जस्टिन मोस्का (43) की पारी का अंत आदिल रशीद ने किया। इसके बाद सैम करन ने लगातार दो गेंद पर मार्कस कैमपोनियानो और गियान मीडे को आउट कर दिया। ग्रैंड स्टेवर्ट और जसप्रीत सिंह ने इसके बाद भी लड़ाई जारी रखी। आदिल रशीद के 18वें ओवर में तीन छक्के लगे और इटली को आखिरी 30 रन चाहिए थे। सैम करन ने 19वें ओवर में 5 रन दिए और स्टेवर्ट का बड़ा विकेट ले लिया।

उन्होंने 23 गेंद पर 5 छक्के और 2 चौकों की मदद से 45 रन बनाए। जेमी ओवर्टन ने आखिरी ओवर में मेडल डालकर दो विकेट लिए और आखिरी गेंद पर इटली की पारी समेट दी। सैम करन और जेमी ओवर्टन ने 3-3 जबकि जोफ्रा आर्चर ने दो विकेट लिए।

## यूएई को हराने में छूटे अफगानिस्तान के पसीने, आखिरी ओवर तक चला रोमांचक मुकाबला, किसे मिला सुपर 8 का टिकट?





टी20 वर्ल्ड कप के 28वें मैच में अफगानिस्तान की टीम ने आखिरी ओवर तक चले रोमांचक मुकाबले में यूएई को 5 विकेट से हरा दिया। यह इस टूर्नामेंट में अफगानिस्तान की पहली जीत है। हालांकि उनकी सुपर 8 में पहुंच पाने की उम्मीदें बेहद कम हैं। इस मैच की बात करें तो पहले बैटिंग करते हुए यूएई ने बोर्ड पर 160 रन लगाए थे। जवाब में आखिरी ओवर तक चले मैच में अफगानिस्तान ने 5 विकेट खोकर इस मैच को जैसे-तैसे जीत लिया। अफगानिस्तान की टीम की जीत के साथ ही साउथ अफ्रीका सुपर 8 में पहुंचने वाली तीसरी टीम बन चुकी है।

**आखिरी ओवर में चेज हुआ टारगेट**

यूएई के 161 रन के टारगेट को चेज करने में अफगानिस्तान की टीम को आखिरी ओवर तक बल्लेबाजी करनी पड़ी। अफगानिस्तान के लिए इब्राहिम जादरान ने 53 रन की शानदार पारी खेली। वहीं इस टीम को जीत अजमतउल्लाह ओमरजई ने दिलाई जिन्होंने 21 गेंद पर नाबाद 40 रन की पारी खेली। वहीं दार्विस रसूली ने 33 रन बनाए। वहीं यूएई की ओर से मोहम्मद अरफान और जुनैद सिद्दीकी ने 2-2 विकेट लिए।

**शोएब ने ठोकी हाफ सेंचुरी**

शोएब खान के अर्धशतक से यूएई ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप डी मैच में सोमवार को यहां अफगानिस्तान के खिलाफ 9 विकेट पर 160 रन बनाए। शोएब ने 48 गेंद में चार छक्कों और छह चौकों से 68 रन की पारी खेलने के अलावा आलीशान शराफू (40) के साथ तीसरे विकेट के लिए 84 रन की साझेदारी की जिससे यूएई की टीम चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचने में सफल रही।

**अच्छी नहीं रही यूएई की शुरुआत**

अफगानिस्तान की ओर से तेज गेंदबाज अजमतुल्लाह उमरजई (15 रन पर चार विकेट) और मुजीब उर रहमान (31 रन पर दो विकेट) ने यूएई को नियमित अंतराल पर झटके दिए लेकिन शोएब ने एक छोर संभाले रखा। अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान (24 रन पर एक विकेट) ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। यूएई ने दूसरे ओवर में 13 रन तक ही अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों आर्यांश शर्मा (00) और कप्तान मुहम्मद वसीम (10) के विकेट गंवा दिए।

**लगातार गिरते रहे विकेट**

मैच की चौथी ही गेंद पर आर्यांश ने अजमतुल्लाह की गेंद पर विकेटकीपर रहमानुल्लाह गुरबाज को कैच थमाया। इस समय टीम के रनों का खाता भी नहीं खुला था। अगले ओवर में वसीम ने मुजीब पर लगातार दो चौके मारे लेकिन इस ऑफ स्पिनर की अगली गेंद को चूककर पगबाधा हो गए। शोएब ने मुजीब पर लॉन्ग ऑफ पर छक्का जड़ा और अगले ओवर में तेज गेंदबाज जियाउर रहमान पर तीन चौके मारे जबकि शराफू ने भी मुजीब पर दो चौके जड़े जिससे यूएई ने पावर प्ले में दो विकेट पर 55 रन बनाए। शराफू ने राशिद का स्वागत मिडविकेट पर छक्के के साथ किया और फिर नूर अहमद की गेंद को भी दर्शकों के बीच पहुंचाया। यह साझेदारी हालांकि जब यूएई को मजबूत स्थिति में पहुंचा रही थी तब राशिद ने मुजीब को गेंदबाजी में वापसी कराई और उनकी गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में शराफू ने इब्राहिम जादरान को कैच थमा दिया। उन्होंने 31 गेंद का सामना करते हुए तीन चौके और दो छक्के मारे।

यूएई के रनों का शतक 13वें ओवर में पूरा हुआ। अजमतुल्लाह ने 15वें ओवर में सैयद हैदर (13) और हर्षित कौशिक (00) को पवेलियन भेजकर यूएई को दोहरा झटका दिया।

## IPL के लिए वैभव सूर्यवंशी ने छोड़ी 10वीं की बोर्ड परीक्षा, राजस्थान रॉयल्स के कैंप में बहा रहे पसीना



भारतीय क्रिकेट के उभरते हुए सितारे और हाल ही में टीम इंडिया को अंडर-19 वर्ल्ड कप चैंपियन बनाने वाले वैभव सूर्यवंशी ने अपने करियर को लेकर एक बड़ा फैसला लिया है। अंडर-19 वर्ल्ड कप के फाइनल में अपनी मैच विनिंग पारी से दुनियाभर के क्रिकेट फैंस का दिल जीतने वाले वैभव इस साल केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) की 10वीं की परीक्षा में नहीं बैठेंगे। क्रिकेट के मैदान पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके वैभव का पूरा ध्यान फिलहाल आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) सीजन पर है और इसी अहम कमिटमेंट के कारण उन्होंने इस साल बोर्ड परीक्षाओं से दूरी बनाने का मन बना लिया है।

**आईपीएल और डीवाई पाटिल टी20 टूर्नामेंट की तैयारियों में व्यस्त** - सीबीएसई बोर्ड की 10वीं की परीक्षाएं 17 फरवरी से 11 मार्च के बीच आयोजित होनी हैं, लेकिन वैभव इन दिनों अपने क्रिकेट कैंप में काफी व्यस्त चल रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वह 23 फरवरी से शुरू होने वाले डीवाई पाटिल टी20 टूर्नामेंट में भी खेलते हुए नजर आ सकते हैं। यह टूर्नामेंट उनके लिए आईपीएल की एक मजबूत तैयारी साबित होगा। 26 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल 2026 के लिए वैभव राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाजी क्रम का एक बेहद अहम हिस्सा माने जा रहे हैं। इसी जिम्मेदारी को देखते हुए वह इन दिनों नागपुर में फ्रेंचाइजी के प्री-सीजन कैंप में अपनी बैटिंग स्किल्स को और निखारने में लगे हुए हैं।

**कोच और पिता ने की परीक्षा न देने की आधिकारिक पुष्टि**

वैभव के इस अहम फैसले पर उनके कोच और परिवार ने भी आधिकारिक तौर पर मुहर लगा दी है। कोच मनीष ओझा ने स्पष्ट किया है कि वैभव आईपीएल के आने वाले सीजन की तैयारियों में इतने व्यस्त हैं कि उनका बोर्ड परीक्षा में बैठना अब संभव नहीं है। वह पहले ही राजस्थान रॉयल्स के कैंप का हिस्सा बन चुके हैं।

# थकान और कमजोरी का इलाज

## खानपान में शामिल करें ये 5 सुपरफूड्स

**कई लोगों को दिनभर सुस्ती, थकान और कमजोरी महसूस होती है, खासकर बिना किसी भारी काम के भी. इसके पीछे सबसे आम कारण है पोषण की कमी, नींद का पूरा न होना, तनाव और पानी की कमी. कई बार शरीर को जरूरी विटामिन्स और मिनरल्स नहीं मिल पाते हैं, जिससे एनर्जी लेवल लगातार गिरता है. आयरन, विटामिन बी12, और विटामिन डी की कमी शरीर को कमजोर बना देती है. इसके अलावा, लगातार स्क्रीन टाइम और फिजिकल एक्टिविटी की कमी से भी शरीर थका-थका महसूस करता है. कुछ मामलों में यह थकान किसी अंदरूनी बीमारी या हॉर्मोनल इम्बैलेंस का भी संकेत हो सकती है. इसलिए जरूरी है कि शरीर को पोषक तत्वों से भरपूर डाइट और पर्याप्त आराम दिया जाए.**

लगातार बनी रहने वाली थकान और कमजोरी शरीर को कई तरह से नुकसान पहुंचा सकती है. सबसे पहले तो यह आपकी कामकाज को प्रभावित करती है, चाहे आप स्टूडेंट हों या नौकरीपेशा, एनर्जी की कमी से आपका ध्यान भटकता है और काम में मन नहीं लगता.



इसके अलावा, कमजोर शरीर इम्यूनिटी को भी प्रभावित करता है, जिससे आप जल्दी-जल्दी बीमार पड़ सकते हैं. थकान मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर डालती है, जिससे मूड खराब रहता है, चिड़चिड़ापन बढ़ता है और डिप्रेशन की संभावना भी हो सकती है. लंबे समय तक कमजोरी बने रहने पर मांसपेशियां ढीली पड़ने लगती हैं. इसलिए शरीर की थकावट को हल्के में नहीं लेना चाहिए, बल्कि समय रहते इसका समाधान जरूरी है.

खानपान में शामिल करें ये 5 सुपरफूड

- **चुकंदर :** यह आयरन और नाइट्रेट से भरपूर होता है, जो शरीर में खून की मात्रा बढ़ाने और ऑक्सीजन की सप्लाई सुधारने में मदद करता है. इससे थकान कम होती है और एनर्जी बढ़ती है.



- **केला :** इसमें कार्बोहाइड्रेट, पोटैशियम और विटामिन बी6 होता है, जो फौरन एनर्जी देता है. यह मसल्स की थकावट भी कम करता है.
- **अखरोट :** ये ओमेगा-3 फैटी एसिड, प्रोटीन और फाइबर से भरपूर होते हैं, जो दिमाग और शरीर दोनों की थकान मिटाने में मदद करते हैं.
- **पालक :** पालक में आयरन और मैग्नीशियम की अच्छी मात्रा होती है. यह खून की कमी से होने वाली कमजोरी और थकावट को दूर करता है.
- **दही :** इसमें मौजूद प्रोबायोटिक्स पाचन को दुरुस्त रखते हैं और शरीर को ठंडक और एनर्जी देते हैं. गर्मियों में यह बेहद फायदेमंद होता है.

### यह भी जरूरी

- रोजाना कम से कम 30 मिनट की हल्की एक्सरसाइज या वॉक करें.
- देर रात तक जागने की आदत छोड़ें और नींद का समय फिक्स करें.
- दिनभर पर्याप्त पानी पिएं ताकि शरीर डिहाइड्रेट न हो.
- मोबाइल, लैपटॉप आदि पर स्क्रीन टाइम सीमित करें.
- दिन की शुरुआत हेल्दी नाश्ते से करें और खाना समय पर खाएं.

# बार- बार हिचकी आना नहीं है आम बात, इसे रोकने के लिए जानें घरेलू उपाय

हिचकी आना आम बात है, हर किसी को कभी न कभी इससे सामना करना पड़ता है। बार-बार हिचकी आना एक सामान्य परंतु कभी-कभी परेशान करने वाली स्थिति हो सकती है। इसे हिकअप्स कहा जाता है, और इसका वैज्ञानिक कारण है डायाफ्राम की अनियमित हरकत। डायाफ्राम हमारे फेफड़ों के नीचे एक मांसपेशी होती है, जो सांस लेने की प्रक्रिया को नियंत्रित करती है। हिचकी को रोकने के लिए कुछ आसान घरेलू उपाय अपनाए जा सकते हैं, जो इस प्रकार हैं।

**हिचकी रोकने के उपाय**

**सांस रोकना :** गहरी सांस लेकर कुछ समय तक रोकें। ऐसा करने से फेफड़ों में कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$) का स्तर बढ़ता है, जिससे डायफ्राम को आराम मिलता है और हिचकी रुक सकती है।

**ठंडा पानी पीना :** धीरे-धीरे ठंडा पानी पीने से गले और डायफ्राम की नसों को सुकून मिलता है, जिससे हिचकी कम हो सकती है।



पेपर बैग में सांस लेना- एक कागज़ की थैली (पेपर बैग) में धीरे-धीरे सांस लें और छोड़ें। इससे भी शरीर में ष्टह्र का स्तर बढ़ता है और हिचकी रुक सकती है।

### कब डॉक्टर से मिलें?

हिचकी रोकने के लिए सांस रोकना, ठंडा पानी पीना और पेपर बैग में सांस लेना जैसे आसान उपाय मददगार साबित हो सकते हैं।

पर अगर हिचकी 48 घंटे से ज्यादा समय तक लगातार बनी रहती है या बहुत तेज़ है, तो यह किसी अंदरूनी बीमारी का संकेत भी हो सकता है। ऐसी स्थिति में तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

### हिचकी के संभावित कारण

- पाचन से जुड़ी वजहें, जैसे बहुत तेज़ी से खाना या पीना।
- गरम और ठंडे खाने को साथ खाना
- कार्बोनेटेड ड्रिंक (सोडा) का अधिक सेवन
- अधिक तीखा या मसालेदार खाना
- पेट में गैस भर जाना
- अचानक तापमान में बदलाव (जैसे बहुत ठंडी चीज खाना)